हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 6 सितंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

**खबर संक्षेप**



### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम लोहड़ीपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गोरेलाल मानिकपुरी पिता कार्तिकराम मानिकपुरी ने बताया 4 सितंबर की शाम लगभग समय 7.30 बजे वह गांव के धोबालाल पटेल के दुकान में प्रोजेक्ट गणेश प्रति जागरण हेतु गया था। जहां गांव का लव कुमार पिता उजल सिंह सिदार पहुंचा था। इस दौरान उसने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर किसी वस्तु से सिर में वार किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम मेमरा में महिला और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट करने के मामले में पिथौरा थाना में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सेतमती यादव ने बताया कि वह 4 सितंबर को अपनी पुत्री संजनी यादव, बहू ताराबती यादव और ससुर चंद यादव के साथ घर में थी। रात्रि करीबन 9 बजे उसका भतीजा बिरजू यादव आया और दादा जी का इलाज सही तरीके से नहीं करा रहे हो कहकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने आई उसकी पुत्री संजनी यादव और बहू ताराबती यादव के साथ भी उसने मारपीट किया। डर की वजह से वे लोग भतीजा चमरू यादव के घर चले गए, लेकिन आरोपी ने वहां भी आकर चमरू यादव से भी मापीट की। मामले मे आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लया है।

### पति-पत्नी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम देवलभांठा में पति-पत्नी के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी फागुलाल सेठ ग्राम देवलभांठा ने बताया कि 4 सितंबर की रात 8 बजे वह अपने घर की परछी में खाना खाने बैठा था, उसकी पत्नी खाना लाने गई थी। उसी समय गांव के कार्तिक यादव आयाऔर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए परछी में रखे क्रिकेट बैट से मारा और खींचते हुए घर के सामने गली में ले गया। मारपीट करता देख उसकी पत्नी सरस्वती सेठ बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी आरोपी कार्तिक यादव ने क्रिकेट के बैट से मारपीट की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# एनएचएम कर्मियों का अनोखा प्रदर्शन, जल सत्याग्रह कर की आवाज बुलंद

## जिले के 550 से अधिक एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के स्वास्थ्य सेवाओं पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। क्योंकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के 550 से अधिक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। ये कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 19 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें नियमितीकरण, संविलियन, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण और 10 लाख तक कैशलेस स्वास्थ्य बीमा शामिल हैं।

इसी कड़ी में शुक्रवार को हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय के समीपस्त ग्राम खरोरा के तालाब में जल सत्याग्रह किया। तालाब के भीतर कर्मचारियों ने उतरकर अपनी मांगों को बुलंद करते हुए, जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि, हड़ताल के कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अस्पतालों में मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है, और आपातकालीन सेवाएं भी ठप हो गई हैं।

सरकार ने 125 पदाधिकारियों को बर्खास्तगी का पत्र जारी किया है, जिसके बाद प्रदेश के 16 हजार और जिले के 550 एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल खूंटे ने कहा है कि हम सरकार के सामने झुकने वाले नहीं हैं। हमारा आंदोलन जारी रहेगा। अगर सरकार हमारी मांगें नहीं मानी तो हम आत्मदाह और जेल भरो आंदोलन जैसे कड़ा विरोध करने के लिए मजबूर होंगे।




### जल सत्याग्रह में रहे शामिल

खरोरा तलाब शहीद स्मारक में जल सत्याग्रह में जिला अध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, कमला तांडी, सुनील साहू, देव डडसेना, मधुराज देवांगन, अंशुमान चंद्राकर रेखा बनर्जी, मधु साहू, लक्ष्मी बर्मन, अहिल्या परमेश्वर सेन, अरविंद सेन, अहिल्या राजवंश, योगेश्वरी ध्रुव, पल्लवी साहू, मधु प्रधान, मुकेश कुमार निषाद, कोमल कुमार, उत्तम सिन्हा, रवि काश्यकर, किरण तिग्गा, राजवंश, मनीषा लक्ष्मी दीवान, गीता चौहान आदि शामिल हुए।

**चंद्रग्रहण का साया :** पितृ पक्ष के पहले दिन लगेगा ग्रहण, आज विसर्जन का दौर

# चंद्रग्रहण के चलते गणेशोत्सव का समापन, आज होगा मूर्ति विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में इस वर्ष चंद्रग्रहण के चलते गणेशोत्सव पर्व का 6 सितंबर को समापन हो जाएगा। 7 सितंबर को चंद्रग्रहण का सूतक काल दोपहर 12.57 बजे से शुरू हो जाएगा। इस काल में प्रतिमा को स्पर्श करना, पूजा-अर्चना करना निषेध माना गया है। इसलिए 6 सितंबर को ही हवन-पूजन के साथ ही भगवान गणेश को विदाई दी जाएगी। इसके पहले शुक्रवार को गणेश पंडालों सहित घरों में हवन पूजन हुए।

### 7 सितंबर को चंद्रग्रहण

7 सितंबर को रात 9.57 बजे से साल का दूसरा चंद्रग्रहण शुरू होगा। रात 11.41 बजे मध्य और रात 1.26 बजे ग्रहण का मोक्ष होगा। इस प्रकार ग्रहण का पर्वकाल 3 घंटा 29 मिनट का रहेगा। चंद्रमा ग्रहणकाल में लाल रंग में दिखाई देगा। शास्त्र के अनुसार ग्रहणकाल में मंदिर का पट बंद कर दिया जाता है। स्थापित प्रतिमा को स्पर्श करना निषेध माना गया है। 6 सितंबर को हवन पूजन कर गणेश प्रतिमा को विसर्जित करना श्रेयष्कर रहेगा। इधर चंद्रग्रहण को देखते हुए गणेशोत्सव समितियों ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी गई है। यदि किसी कारणवश 6 सितंबर को भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया गया, तो 8 सितंबर को सुबह 11 बजे तक विसर्जन किया जा सकता है।

### अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ विसर्जन

अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ शहर एवं गांव में विराजमान किए गए विध्नहर्ता की मूर्तियों का शनिवार को विसर्जन होगा। देर रात तक मूर्तियों का विसर्जन चलता रहेगा। सुरक्षा के भरपूर व्यवस्था के बीच मूर्तियों का विसर्जन होगा। आज शहर की अधिकांश मूर्तियों का विसर्जन होगा।

### शहर में नहीं है विसर्जन कुंड

शहर में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर आज से शुरू हो गया है। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए स्थायी अथवा अस्थायी कुंड नहीं बनाए गए हैं। इसलिए शहर के विभिन्न पंडालों और घरों से लाई गई प्रतिमाएं सीधे महानदी एवं आसपास के गांवों के तालाबों में विसर्जित की जायेगी। तालाबों एवं नदी के जलस्तर और बहाव को देखते हुए लोगों की जान के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है।

### कल से होगी पितृ पक्ष की शुरुआत

भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि से शुरू होने वाला पितृ पक्ष अश्विन मास की अमावस्या के दिन पूरा होता है। इन 15 दिनों में पितृदेव पृथ्वी पर आते हैं। इस पक्ष के दौरान अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और उनके मोक्ष के लिए लोग श्राद्ध और तर्पण, अर्पण करते हैं। इस साल यह समय सितंबर में 7 से लेकर 21 तारीख तक रहेगा। मगर, इस बार एक ही पक्ष में दो ग्रहण के लगने से स्थितियां ठीक नहीं हैं।

# दुकान को लेकर विवाद, बागबाहरा में दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में दुकान को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हो गई। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को कुंदन प्रसाद गुप्ता बागबाहरा निवासी वार्ड नंबर 9 ईदगाह भांठा पिथौरा चौक बागबाहरा ने बताया कि उसके पिता के कब्जे की जमीन जिसे करीब 30 साल से ग्राम नवागांव कला पटवारी हल्का नंबर 65 खसरा नंबर 85/5 रकबा 0.170 हेक्टेयर को कब्जा कर दुकान का निर्माण किया गया था, इस जमीन का मामला अपर आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर में निर्मला कुमारी देवी बेवा ठाकुर भानुप्रताप सिंह निवासी कोमाखान के साथ विचाराधीन है। दुकान खाली पड़ी थी, जिस पर नकुल गुप्ता का बेटी दामाद राजा गुप्ता ने करीबन 02 माह पूर्व कब्जा कर लिया, इस कब्जे को लेकर उन लोगों का विवाद राजा गुप्ता एवं उसके परिवार के लोगों के साथ चल रहा था। 4 सितंबर को सुबह 9 बजे से 9:30 बजे के मध्य प्रार्थी को उसकी पत्नी जुही गुप्ता ने फोन कर बताया कि सुबोध गुप्ता, नकुल गुप्ता एवं राजा गुप्ता तीनों सहदेव प्रसाद गुप्ता एवं उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। इस पर वह घर गया जहां आरोपी मारपीट व गाली गलौज कर रहे थे। जब वह बीच बचाव करने गया तब उसके साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इधर दूसरे पक्ष के नकुल प्रसाद गुप्ता निवासी वार्ड नंबर 8 आईसीआईसीआई बैक के सामने बागबाहरा ने पुलिस को बताया कि उसकी एक जमीन जो पिथौरा चौक के पास है जिसे उसने समेलाल पिता हीरामन निषाद वार्ड क्रमांक 6 गुरुनानक वार्ड बागबाहरा से 28/05/1983 को खरीदा था। इस जमीन का मामला कमिश्नर रायपुर के न्यायालय में निर्मला कुमारी देवी बेवा ठाकुर भानुप्रताप सिंह निवासी कोमाखान के साथ चल रहा है। प्रार्थी ने बताया कि उसने अपने दामाद शिवशंकर प्रसाद उर्फ राजा को अपनी तीन दुकान किराना दुकान का संचालन करने के लिए करीब 2 साल पूर्व दिया था। उसके दुकान का विवाद सहदेव गुप्ता से करीबन 2 सालों से चला आ रहा है। 4 सितंबर को 9 बजे से 9:30 के मध्य वह अपने कबाडी दुकान में था, तब उसके दामाद शिवशंकर प्रसाद उर्फ राजा का फोन आया, और उसने बताया कि अपने दुकान के ऊपर सहदेव, कुंदन तथा पंकज टिन से छत को घेर रहे हैं, तब प्रार्थी ने अपने लडके सुबोध कुमार गुप्ता को फोन लगाया, जो उसके दुकान के पास चला गया। कुछ देर बाद राजा ने फोन कर बताया कि सुबोध के साथ आरोपी हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट कर रहे है।

# ईद मिलादुन्नबी पर दिया भाईचारा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला मुख्यालय में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली गई। पैंगबर की जयंती ईद मिलादुन्नबी पर जिला मुख्यालय में सुबह 11 बजे निकले जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। अमन, शांति और भाईचारा का संदेश देते हुए इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी के 1500 साल को लेकर भी काफी उत्साह का माहौल रहा है। मस्जिदों में खूबसूरत रोशनी की गई है। वहीं मिलादुन्नबी पर विभिन्न धार्मिक आयोजन भी किए हुए। रैली में सैकड़ों की संख्या में इस्लाम धर्म के अनुयायी भारत की आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज के साथ सामाजिक झंडे लेकर शामिल हुए। मुस्लिम समाज ने अनुशासित तरीके जुलूस में शामिल होकर भाईचारा, कौमी एकता की मिसाल पेश की है। जुलूस का शहर के विभिन्न स्थानों में अन्नय समाजजनों द्वारा स्वागत किया गया।




## स्टार कास्ट और प्रोडक्शन टीम ने ली पत्रकारवार्ता

# संस्पेंस थ्रिलर "खारून खार" रिलीज़ होगी 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



व्यक्ति की मानसिक स्थिति समाज पर कैसा प्रभाव डालती है? इसे आधार बनाते हुए बनी छत्तीसगढ़ की पहली संस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'खारून खार' आगामी 12 तारिख को छत्तीसगढ़ के 50 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

इस संबंध में स्टार कास्ट और प्रोडक्शन टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि यह कहानी में 5 लोग की अलग-अलग कहानी को एक स्थान पर लाकर जोड़ती है और फिल्म के अंत तक कायम सस्पेंस लोगों को काफी पसंद आने वाली है। टीम ने बताया कि पूरी कहानी छत्तीसगढ़ी संवाद से भरपूर है साथ ही फिल्म में लव स्टोरी और 5 गाने भी हैं। फिल्म का बजट तकरीबन 90 लाख के आसपास अनुमानित बताया गया साथ ही टीम ने बताया कि परंपरागत छत्तीसगढ़ी फिल्म की लीक से हटकर इस फिल्म के लिए काम करने के दौरान कुछ नयापन का एहसास हुआ।

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई छोड़ फोटोग्राफी फिर फिल्म मेकिंग में

फिल्म के निर्माता निर्देशक दिव्यांश सिंह ने बताया कि वे मूलतः जांजगीर के निवासी हैं और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद फोटोग्राफी से शुरुआत करते हुए छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कहानी फिल्मों से कुछ हटकर करने की सोच का परिणाम है यह फिल्म। इस दौरान फिल्म के पात्र शील वर्मा, विशाल सहित टीम मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ शिक्षक सम्मान

**बागबाहरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बागबाहरा में शिक्षक दिवस पर भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा रहे। अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सहसचिव जोगेंद्र सिंह ने की तथा विशेष अतिथि के रूप में संचालन समिति के कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी मंचासीन रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें शिक्षक–शिष्य संबंध की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सिन्हा ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को समाज का पथप्रदर्शक बताया और कहा कि उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यालय परिवार के योगदान की सराहना करते हुए शिक्षकों को राष्ट्रनिर्माण का सशक्त स्तंभ बताया। इस अवसर पर किशोर भारती के भैया–बहनों द्वारा सभी आचार्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



### शिक्षक दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सरायपाली।** स्थानीय केजी कॉन्वेंट में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा कर की गई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का स्वागत तिलक लगाकर किया। कार्यक्रम में शिक्षकों के मनोरंजन के लिए विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, भाषण आदि की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के लिए विभिन्न खेल आयोजित कराया गया। जिसमें विजेता शिक्षकों को बच्चों द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया। शिक्षकों ने भी इस खेल में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रधान पाठक सुभाष प्रधान ने कहा कि हमें अपने संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहना चाहिए। कार्यक्रम को प्राचार्य संजय सतपथी, रितेश भोई और राधा शर्मा ने भी संबोधित किया।

# पंडाल में लगा भंडारा, आज शोभायात्रा के साथ होगा गणेश विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

एकदंत गणेश उत्सव सेवा समिति बसना के तत्वावधान में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। 05 सितंबर को समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। समिति पदाधिकारियों एवं गणेश भक्तों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ। 06 सितंबर शनिवार को गणेश प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो समिति परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों बसना चौक, थाना रोड, सब्जी मंडी चौक से होकर स्थानीय तालाब तक पहुंचेगी।

विसर्जन यात्रा में भक्तगण बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और झांकी के साथ शामिल होंगे। पूरे नगर में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिलेगा। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बसना पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत ने विशेष तैयारी की है।



यातायात नियंत्रण, जल व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



### सिरको में बाजे-गाजे के साथ गणपति विसर्जन

**बसना।** सिरको में गणपति विसर्जन का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ किया गया। गणपति बप्पा की शोभायात्रा मोहल्ले और ग्रामवासियों की मौजूदगी में बाजे-गाजे, जयकारों और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच निकाली गई। स्थानीय तालाब में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। इस दौरान ग्रामवासी, महिला मंडल, बच्चे और युवाओं की टोली पूरे उत्साह के साथ शामिल हुई। भजन-कीर्तन और नृत्य के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सिरको ग्रामवासियों ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणपति उत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया और सभी ने आपसी सौहार्द्र एवं एकता के साथ मिलकर बप्पा को विदाई दी।

### धान खरीदी केंद्रों में आहाता निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण के लिए 1.41 करोड़ की स्वीकृति

# कृषि मंडी बोर्ड से मिली 1.41 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद के प्रयासों से एक बार फिर ग्रामीणों को एक बड़ी सौगात मिली है। विधायक चातुरी नंद की अनुशंसा पर राज्य कृषि मंडी बोर्ड द्वारा क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों के आहाता निर्माण एवं गांवों में सीसी रोड निर्माण हेतु 1 करोड़ 41 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोगनीपाली धान खरीदी केंद्र में आहाता निर्माण हेतु 14.95 लाख, कुसमीसरार धान खरीदी केंद्र में आहाता निर्माण हेतु 14.95 लाख एवं ग्राम टांगापासा धान खरीदी केंद्र में आहाता निर्माण हेतु14.95 लाख की स्वीकृति दी गई है।

इसी तरह ग्राम जोगनीपाली में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख रुपए, ग्राम घाटकछार में सीसी रोड निर्माण हेतु, सिंघोड़ा में एन एच 53 से प्रायमरी स्कूल तक सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, भगतसरायपाली के आश्रित ग्राम दर्री पाली में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, जंगलबेड़ा में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, हरिल छापर में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, चारभांठा में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, चनाट में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, ढालम के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख, लोहरीनडीपा, में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 9.92 लाख एवं भंवरपुर में सीसी रोड निर्माण हेतु 9.92 लाख रुपए सहित अन्य कार्यों की स्वीकृति मिली है। विधायक चातुरी नंद ने बताया कि सरायपाली अंचल अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र है। क्षेत्र के अधिकतर गांवों में आज भी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और



अधोसरंचना के कार्य स्वीकृत कराने मैं हरसंभव प्रयास कर रही हूं। उन्होंने कहा कि सरायपाली क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। विकसित सरायपाली बनाने मैं सदन से लेकर सड़क की लड़ाई लड़ते आई हूं और आगे भी लड़ती रहूंगी। विधायक चातुरी नंद के कहा कि मैं विधायक निर्वाचित होते ही लगातार सरायपाली क्षेत्र का दौरा कर रही हूं। इस दौरान मुझे मूलभूत सुविधाओं की कमी लगी है और ग्रामीणों की मांग आई है उन सभी कार्यों को पूर्ण कराने मैं लगातार प्रयासरत हूं। क्षेत्र के लोगों को विकास कार्यों की सौगात मिलने से निश्चित ही मुझे बेहद खुशी होती है।

#### कीचड़युक्त सड़कों से मिली मुक्ति

आम जनता ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने मैं लगातार प्रयासरत रहूं। विकास कार्यों की सौगात मिलने से ग्राम पंचायत सिंघोड़ा की सरपंच रश्मि तन्मय पंडा, हरिलछापर के सरपंच पुरुषोत्तम पटेल सहित सभी गांवों के सरपंच और ग्रामीणों ने विधायक चातुरी नंद का आभार जताया है। विदित हो कि उपरोक्त कार्यों की स्वीकृति उपरांत अब कृषि मंडी बोर्ड द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा और नई सड़क बनना शुरू हो जाएगा जिससे ग्रामीणों को कीचड़युक्त सड़क से मुक्ति मिलेगी।

# ईद मिलादुन्नबी पर्व पर कस्तूरबा ट्रस्ट के छात्रों को कराया भोजन

**महासमुंद।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर महासमुंद गरीब नवाज़ सेवा समिति द्वारा इंसानियत, भाईचारे और सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अनेक सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट (अनाथ आश्रम) बेलसोंडा से हुई।

समिति के सदस्यों ने वहां रह रहे बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया और उनके साथ बैठकर ईद मिलादुन्नबी की खुशियां साझा कीं। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान और उत्साह ने इस आयोजन को और भी प्रेरणादायी बना दिया। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारी एवं मुस्लिम समाज के युवाओं ने जिला अस्पताल व नगर के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की दुआ की। इसी क्रम में समिति ने वृद्ध आश्रम का भी दौरा किया, जहां बुजुर्गों को फल वितरित किए गए और उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की गई। बुजुर्गों ने युवाओं का आशीर्वाद



देते हुए कहा कि इस तरह की सेवा ही ईद की असली खुशी है। दिनभर चलने वाले सेवा कार्यों की श्रृंखला का समापन नेहरू चौक महासमुंद में सर्वधर्म आम लंगर के आयोजन से हुआ। इस लंगर में सभी धर्मों और समाजों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया और भाईचारे, सौहार्द्र एवं गंगा-जमनी तहज़ीब का सुंदर संदेश दिया। गरीब नवाज़ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी का असली संदेश सेवा, इंसानियत और भाईचारे को बढ़ावा देना है। समिति हर वर्ष इस मौके पर गरीब, अनाथ, मरीजों और जरूरतमंदों की मदद के लिए सामाजिक कार्य कर आगे भी समिति समाज सेवा की इस परंपरा को और मजबूती से आगे बढ़ाती रहेगी। जिसमें प्रमुख रूप शमीम चौहान, गुलाम मोहम्मद, शकील खान, सरफराज राजवानी, सैय्यद तहसीन अली, सैय्यद इरफान अली, सैय्यद हनीफ, मोहसीन खान, हाजी हारून भाई, अमीन रजा, मुस्तफा रजा, इमरान खान, तौफीक खान, राजा अशरफी, वसीम मेमन, शाहनवाज़ चौहान, मिर्जा रिजवान बेग , अकरम खान, फिरोज खान मोहम्मद शादाब, नासीर खान, कादिर चौहान, शाहबाज़ चौहान, आरिफ अशरफी, आशिफ रजा, ओवैस रजा, फैज चौहान, सिब्तैन रजा, रफीक चौहान उपस्थित थे।

## बिरकोनी के विभिन्न गणेश पंडालों में आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे: तुषार



**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी में विभिन्न गणेश पंडालों में दर्शन लाभ लेकर आशीर्वाद लेने व महाआरती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू का समिति के सदस्यों के द्वारा श्रीफल भेंट कर चंदन, गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया गया। भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि का कामना की। समस्त ग्रामवासियों को गणेश चतुर्थी बधाइयां शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जनक यादव, योगेश्वर साहू, जगदीश चंद्राकर, सुरेश, दिनेश कार्तिक, रामलाल, बलराम, शत्रुघ्न, चंदन व अधिक संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।



## प्रतिभा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन

**सरायपाली।** प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में शिक्षक दिवस कार्यक्रम शासकीय छुट्टी होने के कारण सीनियर विद्यार्थियों की उपस्थिति में सादगी पूर्ण रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण के छायाचित्र का माल्यार्पण प्राचार्य नरहरि पटनायक के द्वारा शिक्षिका रेणुका त्रिपाठी, शिक्षक गणेश सामल की उपस्थिति में हुई। इसके पश्चात छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सम्मान में गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भावनात्मक बना दिया। आयोजन में विशेष आकर्षण शिक्षकों के बीच हुई संगीत प्रतियोगिता रही, जिसमें शिक्षिका आशा नायक के नेतृत्व में उनके समूह ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा सांची अग्रवाल ने अपने प्रेरणादायी भाषण से सभी का मन मोह लिया। इसके बाद विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रहसन/नृत्य प्रस्तुति देकर मंच को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। विद्यालय के प्राचार्य नरहरि पटनायक ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज का आधार स्तंभ हैं और विद्यार्थियों का भविष्य निर्माण करते हैं। उनके प्रति विद्यार्थियों में आदर और सम्मान की भावना आवश्यक है।

## आशीष होंगे उप पंजीयक कार्यालय के नए रजिस्ट्रार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

उप पंजीयक कार्यालय में नए रजिस्ट्रार आशीष देवांगन ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडरों एवं कार्यालय स्टाफ ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में आधार गाइड सतपथी ने देवांगन का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया और क्षेत्र की ज्वलंत समस्या से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसानों को भूमि रजिस्ट्री के समय आधार कार्ड एवं किसान किताब में नाम की असमानता के कारण गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर, हमारे हिंदू समाज में विवाह उपरांत महिलाओं के नाम में परिवर्तन की परंपरा के चलते कई परिवारों की महिला सदस्यों के नाम आधार कार्ड में अलग तथा किसान किताब में अलग दर्ज हो गये हैं। इस असमानता के कारण रजिस्ट्री 1 प्रक्रिया बाधित हो रही है। साथ ही, आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि एवं लिंग संबंधी संशोधन केवल एक बार ही किए जा सकते हैं, जिसके चलते सुधार की प्रक्रिया और भी जटिल हो जाती है।

इस महत्वपूर्ण विषय पर सतपथी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए रजिस्ट्रार आशीष देवांगन ने आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर कलेक्टर महोदय के संज्ञान में लाकर शासन को अवगत कराएंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडरों ने नए रजिस्ट्रार के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और आशा जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की रजिस्ट्री संबंधी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकली भव्य जुलूस, गूंजा नार-ए-तकबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शुक्रवार को पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर नगर में अकीदत व मोहब्बत और उत्साह के साथ जश्न मनाया गया। अल सुबह फ़ज़र की नमाज़ के बाद परचम कुशाई (इस्लामी झंडोत्तोलन) मस्जिद में किया गया दोपहर जुम्मे की नमाज के बाद शान व शौकत से एवं अदब के साथ जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व रात्रि में मस्जिद में मिलाद ए मोहम्मदी का कार्यक्रम रखा गया था मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मो.नईम अली द्वारा मोहम्मद पैगंबर साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।जिसमें प्रमुख रूप से पैगxबर-ए-इस्लाम का जीवन मानवता, भाईचारा, सादगी और इंसानियत के लिए प्रेरणास्त्रोत है। तथा मोहम्मद साहब की जीवनी पर रोशनी डाली गई। तकरीर के समापन होने के पश्चात नातिया कलाम पढ़ने वाले बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया गया।

दोपहर तीन बजे स्थानीय जमा मस्जिद से जुलूस निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्गों से गुजरात हुआ पुनः मस्जिद पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गया,जुलूस में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। हाथों में इस्लामिक हरे झंडे लिए नार-ए-तकबीर अल्लाहु अकबर एवं नार-ए रिसालत या रसूलल्लाह, की गूंज से नगर का माहौल खुशनुमा हो गया। जुलूस के नगर भ्रमण के दौरान तिलावत, नात-शरीफ प्रस्तुत की गई।



इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए थे। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर जुलूस का अभिनंदन किया गया।

सामाजिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अन्य धर्मों के लोगों में सर्वप्रथम अग्रवाल समाज,सिख समाज ब्राह्मण समाज ने भी जुलूस का स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की। कार्यक्रम में हाजी अनवर खान, रमजान खान,मस्तान खान,सैयद हुसैन, हैदर खान, अबरार अली, मुनीर खान, फिरोज खान, सहमान खान, इमरान कुरैशी हामिश रिजवी, गुलाम आजम खान, मुनव्वर खान के अलावा ग्राम चांदापर, कोकोभांटा, लखागढ़,पिथौरा से मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा .) पिथौरा**
**जिला - महासमुंद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्रं. ..... अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम बम्हनी प.ह.नं 31
रा.नि.मं- पिरदा, तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **चोहन नायक पिता हेमसागर नायक** निवासी- पंडरीपानी, तहसील-पिथौरा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम-**बम्हनी** प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. पिरदा, तहसील पिथौरा स्थित भूमि खसरा नंबर 125/9 रकबा 0.0770 हे. को **व्यवसायिक प्रयोजन** हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा खसरा, बी-1, ग्राम पंचायत प्रस्ताव, के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव आवेदित भूमि को **व्यवसायिक प्रयोजन** हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 18.09.2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पिथौरा,**
**जिला महासमुंद (छ.ग.)**

# शासकीय महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का हुआ आयोजन, शिक्षकों का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** स्व. वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि हेमलता पटेल सहायक प्राध्यापक, अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य और रसायन विभागाध्यक्ष शब्या पटेल और विशिष्ट अतिथि के रूप में यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान मंचाचीन थे।

सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में कार्यरत समस्त सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकों को पुष्प गुच्छ और तिलक लगाकर स्वागत वंदन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी गई। जानकी वैष्णव के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु वंदना का गायन किया गया।

विशिष्ट अतिथि यूके बरिहा ने शिक्षक दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक राष्ट्रपति ही नहीं अपितु एक महान शिक्षाविद थे और उन्होंने अपनी सारी जिंदगी शिक्षा के प्रति समर्पित कर दिया था। शिक्षा वह नींव का आधार है जिस पर सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है, बच्चों के जीवन में माता-पिता के बाद सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक निभाता है। शिक्षक केवल किताबें ही नहीं पढ़ाते तभी तो छात्रों को जीवन के मूल्य नैतिकता अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का भी पाठ सीखाते हैं, छात्रों में छिपी क्षमता को पहचान और सही दिशा में ले जाने में मदद करते हैं, शिक्षक एक मूर्तिकार की तरह होता है जो कच्चे पत्थर को तरस कर एक सुंदर और मूल्यवान कलाकृति में आकार देता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर उन शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करें जिनके ज्ञान एवं सही मार्गदर्शन से हम एक अच्छे नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारी को निर्वहन करने के लिए तत्पर हैं ।राष्ट्र की प्रगति में उसके नागरिकों की शिक्षा पर निर्भर करता है और यह शिक्षा आज शिक्षकों के हाथों में निहित है। शिक्षा के माध्यम से ज्ञान, कौशल और मूल्यों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शब्या पटेल ने कहा कि शिक्षा को किसी भी राष्ट्र के विकास की रीढ़ माना जाता है हम केवल एक दिन शिक्षक दिवस ना बनाएं बल्कि अपने जीवन में शिक्षकों के महत्व को समझें और सम्मान दें जिसके हुए हकदार हैं। शिक्षक केवल व्यक्ति ही नहीं होता बल्कि वह ज्ञान का पुंज होता है न जाने कितने की जीवन को आलोकित करता है, भारत में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना गया है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा प्रदान की है, इस नीति को सफल बनाने में सबसे बड़ी भूमिका शिक्षकों की है शिक्षक नीति की आत्मा को समझकर उसे व्यवहार में लेंगे तभी वास्तविक लाभ विद्यार्थियों और समाज तक पहुंचेगी, इसलिए वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिकाएं और अपेक्षाएं महत्वपूर्ण हो जाती हैं। भारत के भविष्य की दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि शिक्षक कितने समर्पित प्रशिक्षित एवं दूरदर्शी हैं जो अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है जो भारत को शिक्षा के क्षेत्र में विश्व गुरु बनाने की दिशा में अग्रसर हो सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमलता पटेल ने मानव मूल्यों की स्थापना और संवर्धन के लिए शिक्षा को अनिवार्य अंग बताया। गुरु को शिक्षा के उद्देश्य उसकी विषय वस्तु तथा उसके उपादान आदि सबको निर्धारित करने का दायित्व मिला है। जीवन में आगे बढ़ाने वाले सभी लोगों ने जीवन यात्रा में गुरु के प्रति कृतज्ञता की भाव व्यक्त की है। गुरु वह होता है जो ज्ञान के प्रकाश से शिष्य की आंखों को खोल देता है, आधुनिक युग में ज्ञान की परंपरा और व्यवस्था में विविधता आई है शिक्षा पाने के लिए तकनीकी प्रगति की कृपा से मानवीकृत होते जा रही है। सोशल नेटवर्किंग इंस्टाग्राम फेसबुक ऑनलाइन सीखने की प्रक्रिया गति पर पड़ रही है लेकिन गुरु के सानिध्य में प्रशिक्षण प्राप्त करना महत्वपूर्ण होता है।

# मुस्लिम समुदाय ने पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर मनाया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ईद मिलादुन्नबी का दिन मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष है। इस दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन है। यह एक धार्मिक पर्व है। इस विशेष पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का गुणगान करते हैं और ईद मिलादुन्नबी पर जुलूस निकाला जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के उपलक्ष में मुस्लिम समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और हकीकत के साथ बागबाहरा शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जमेअ मस्जिद से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर सुबह फजर की नमाज की बाद परचम लहराया गया। जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया।

बता दें कि इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक रजब माह के 12 रबीउल अव्वल को पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। वही मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाते हैं। वहीं पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी में मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिद, सड़कों पर तोरण व अपने मकान को इलेक्ट्रॉनिक की झालरों से सजाते हैं। पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर बड़ी धूमधाम के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। साथी शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस ए मोहम्मदी में मुस्लिम समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सुबह 8 बजे युवाओं द्वारा बाइक रैली निकल गई। तत्पश्चात सुबह 9 बजे जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस स्थानीय सुन्नी हनीफी जमेअ मस्जिद बागबाहरा से नगर की ओर आगे बढ़ा। जहां विभिन्न समाजजन द्वारा स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज, गुरु सिंह सभा, गुजराती समाज द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी का स्वागत किया गया। जुलूस मस्जिद से होते हुए पुलिस थाने से वापस मस्जिद की ओर जाकर समाप्त हुआ। जहां मौलाना इरफान उल हक द्वारा अमन चैन की दुआ मांगी गई। मोहम्मदी जुलूस में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजुर्ग, युवा, बच्चों जुलूस में सरकार की आमद मरहबा, नारों के झूमते गाते हुए मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे। साथ ही जुलुस ए मोहम्मदी के दौरान शहर में पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तेद थे। मौलाना इरफानुल उल हक बघी पर विराजमान थे।





### यह रहे मौजूद रहे

इस अवसर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जप अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर, अंकित बागबाहरा, शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, भेखलाल साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद शैलेश साहू, ताम्रध्वज बघेल, पार्षद मंता यादव, पोखराज साहू, मोहित साहू, गणेश शर्मा, जुगराज बघेल, खोमेश साहू, महेंद्र गुप्ता, विष्णु महानंद, शशि प्रताप सिंह मस्जिद में पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी। मुस्लिम समाज के सदर हाजी अमजद मेमन, हाजी गनी चौहान, ख़्वाजा मियां, हाजी आबिद कुरैशी, हाजी बशीर परमार, हाजी वारिश चौहान, फिरोज मेमन, सिकंदर सिद्दिकी, यूनुस कुरैशी, जियाउल हक, शेख आकिब अहमद (छोटे), रफीक मेमन, नियाज अली, इल्यास मेमन, इस्माइल मेमन, कलीम वारसी, इस्माइल रजवी, फारूख मेमन, मुश्ताक अली, अब्दुल कादिर जिलानी, साजिद खान, प्यारु खान, सज्जाद खान, शहजान पाशा, बड़ा खान, बाबू साहब खान, समीर खान, फिरोज खान, गुलाम गौस, समशाद खान, नासिर खान, अय्यूब खान, अय्यूब कुरैशी, अमीर खान, सलीम खान, इमरान खान, आतिफ सिद्दिकी, अय्यूब मेमन, जावेद खान, अरमान खान, गुलाम हैदर रजवी, शाहरुख़ मेमन, सलमान मेमन, सोहेल मेमन, कौनैन रजा, शेख शाहबाज, सद्दाम हुसैन, शब्बीर परमार, आसिफ वारसी, नावेद चौहान, शेख हामिद, साहिल वारसी, बिलाल खान, जावेद खान, रज्जा खान, अब्दुल रज्जाक, इरफ़ान चौहान, हलीम खान, जावेद खान, जुनैद खान, नूरानी हक़, इमरान चौहान, शकील खान, शहबाज खान, जीशान खान, बशीर खान, शेख तौकिर, शेख अफजल, शमीम खान, जावेद खान, असद सैफ गोरी, अकमल रजा, मोहम्मद रजा, अफराज तंवर, इक़बाल खान, जैनुल सिद्दिकी, हारून खान, रफीक तंवर, लतीफ तंवर, अख्तर कुरैशी, शेख नासीर, यूनुस कुरैशी, जावेद कुरैशी, जावेद गोरी, आतिफ सिद्दिकी, राजू गोरी, शकील खान, सरफराज खान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### आज हवन पूजन, कल सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी के भाठापारा चौक में जन्नत युवा गणेशोत्सव समिति द्वारा विराजित गणेश पंडाल में शनिवार 6 सितंबर को हवन पूजा कार्यक्रम होगा। शाम को महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। वहीं 7 सितंबर रविवार को रात्रि 10 बजे पंडाल परिसर में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जय महावीर लोक कला मंच अरंड पिथौरा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सोमवार 8 सितंबर को पूजा अर्चना के बाद बप्पा की विसर्जन यात्रा के साथ मुख्यमार्ग से झांकी निकाली जाएगी।



### शिवानंद की जयंती पर 8 को निकलेगी प्रभात फेरी

**महासमुंद**। स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 8 सितंबर को महाराज स्वामी शिवानंद सरस्वती की 138वीं जयंती (तिथि -आश्विन कृष्ण एकम सोमवार) को मनाई जाएगी। जिसके अंतर्गत प्रातःकाल 6 बजे से सायंकाल 6 बजे तक 12 घंटे का अनवरत महामंत्र हरे राम, हरे कृष्ण, संकीर्तन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम प्रातः 6ः से 7:30 बजे तक महामंत्र संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रातः 9 बजे से पादुका पूजन, संध्या 06 से 08:30 बजे तक भजन-कीर्तन एवं स्वामी शिवानंद सरस्वती की जीवनी पर चर्चा। तत्पश्चात आरती, प्रसाद वितरण व समापन। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ अध्यक्ष दौलत चंद्राकर और योग गुरु तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।



### सेवानिवृत्त शिक्षक का किया सम्मान

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षक बिसाहू राम चंद्राकर का श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिवा कुमारी चंद्राकर, ममता चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि माता-पिता ने जन्म दिया है और टीचर ने हमारे जीवन को एक सही शिक्षा दी है। इस दिन भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं शिक्षाविद महान विचारक भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर हर साल 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप से मनाया जाता है।

## आयोजन : जिले में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, हुए विविध कार्यक्रम

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए खरोरा स्कूल के शिक्षकगण, विद्यार्थियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। सभी बच्चों ने अपने शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया तथा शिक्षकों को उपहार दिए। बच्चों ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के महत्व एवं मूल्य पर सुंदर कविता पाठ किए एवं उद्बोधन दिए। शिक्षकों ने अपनी बच्चों की प्रतिभा पर गर्व का अनुभव किया। विद्यालय के प्रधान पाठक रूपधर साहू ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में दिया गया प्रत्येक उपहार हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। किंतु, इससे अधिक महत्वपूर्ण है बच्चों का विद्यालय में प्रसन्न होकर अध्ययन अध्यापन करना एवं जीवन में निरंतर प्रगति करना। विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार, धनीराम नंद, हेमनाथ नायक एवं शिक्षिका मंजुलता प्रधान ने भी बच्चों के सम्मान को स्वीकार करते हुए कहा कि जब बच्चों की प्रतिभा आगे बढ़ती जाती है और वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पास होकर बड़े संस्थानों में हमारे विद्यालय से पढ़ने हेतु जाते हैं तो हमें अपार खुशी होती है और एक शिक्षक के रूप में बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है। सभी शिक्षकों ने बच्चों को बहुत सुंदर पढ़ने एवं अपने जीवन में सदैव आगे बढ़ाने के लिए आशीर्वाद दिया। इस प्रकार शासकीय प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक शाला खरोरा के प्रांगण में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त जानकारी शिक्षिका मंजुलता प्रधान ने दी है।





### नेहरू स्मृति विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी के नेहरू स्मृति विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने मां सरस्वती की पूजन एवं डॉ राधाकृष्णन सर्वपल्ली के चित्र पर तिलक व फूल मालाओं से माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। छात्रों ने शिक्षकों से केक कटवाकर मुंह मीठा कराया गया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुष्प से स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों ने काफी श्रद्धाभाव के साथ राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन सर्वपल्ली को याद किया। वहीं बच्चों ने अपने-अपने कक्षा के शिक्षकों को नमन करते हुए गुलदस्ता, कलम भेंट कर आशीष ग्रहण किया। प्रधान पाठक निषाद ने कहा कि शिक्षक प्रथम गुरु है। दूसरा माता, तीसरा पिता है। जिसके बिना ज्ञान संभव नहीं है। सभी को अपने गुरु की सेवा करना चाहिए। इससे लोगों को सीखना चाहिए। अपने शिक्षकीय कार्यों को याद करते हुए बताया कि एक शिक्षक अपने ज्ञानरूपी प्रकाश छात्रों के लिए समर्पित कर देता है। गुरु एक सच्चा मार्गदर्शक होता है तथा हर पल वह छात्रों व समाज की श्रेष्ठता की बारे में सोचता है। हमारी भारतीय संस्कृति में शिक्षकों को हमेशा ईश्वर के बराबर सम्मान दिया गया है। इस अवसर पर रमा यादव, भारती, तेजेश्वरी यादव, नीरा निषाद, गोदावरी, रघुराज निषाद, ख़ेमिन साहू, यामिनी चंद्राकर, जागृति यदु, पुष्पलता यादव, चंद्रिका बघेल, हीना निषाद, द्रोपदी मन्नाडे आदि मौजूद रहे।

### भोजराज को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**बसना**। छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 5 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस पर जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महासमुंद जिले के 25 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संपत अग्रवाल विधायक बसना द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। भोजराज द्वारा अपने विद्यालय में पिछले दस वर्षों से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराई जा रही है। इनके कुशल मार्गदर्शन में अब तक 101 बच्चों का नवोदय विद्यालय, 6 बच्चे सैनिक स्कूल और 11 बच्चे एकलव्य आवासीय विद्यालय के लिए चयनित हुए हैं। शिक्षक भोजराज प्रधान वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण और वर्ष 2022 में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।



### सावित्रीपुर स्कूल में शिक्षक दिवस पर छात्र-छात्राओं को कराया न्योता भोज

**सांकरा**। विद्यालय केवल ज्ञान का मंदिर नहीं, बल्कि संस्कारों का पवित्र आश्रय भी है। इसी का जीवंत उदाहरण 5 सितंबर–शिक्षक दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में उस समय देखने को मिला, जब बच्चों ने अपने प्रिय शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और वातावरण श्रद्धा, स्नेह तथा उत्सव की सुगंध से भर उठा।कार्यक्रम की शुरूआत में नन्हें विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों, कविताओं और भावभरे शब्दों से अपने गुरुओं का अभिनंदन किया। हर चेहरे पर उल्लास था और हर निगाह में गुरुजनों के प्रति आदर। इस अवसर को और विशेष विद्यालय की शिक्षिका पद्मावती नाग ने बनाया। संयोगवश उसी दिन उनके पुत्र अंश का जन्मदिवस भी था। मातृत्व और कर्तव्य का सुंदर संगम दिखाते हुए उन्होंने संपूर्ण विद्यालय परिवार, बच्चों और शिक्षकों के लिए स्नेहपूर्वक भोजन की व्यवस्था कराई। स्वादिष्ट व्यंजनों से सजी थालियों में केवल भोजन ही नहीं, बल्कि उनका आत्मीय भाव भी परोसा गया। बच्चों की खिलखिलाती हंसी और शिक्षकों की संतुष्टि ने उस क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। विद्यालय परिवार ने इस उदार पहल के लिए पद्मावती नाग का आभार जताया।



### कोमल दीवान को मिला श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान

**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में पदस्थ शिक्षक कोमल सिंह दीवान को शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान प्राप्त हुआ। स्कूल शिक्षा विभाग महासमुंद के ओर से रजत जयंती समारोह पर विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा पदाधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा द्वारा शिक्षक कोमल सिंह दीवान को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान सम्मानित किया। ज्ञात हो कि कोमल सिंह दीवान सिंह शिक्षक होने के साथ-साथ मशहूर गायक भी है। इन्होंने कई इवेंट्स में अपनी आवाज का जादू बिखेरा है। इस अवसर पर शिक्षकों ने अपने अनुभवों को साझा किया और उपलब्धियां भी गिनाईं। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 5 सितंबर 2025 को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष डॉ सर्वपल्ली के जन्मदिवस के पूर्व संध्या पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने पर नोडल अधिकारी समीर चंद प्रधान, संकुल समन्यवक राजू देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहन यादव, उपाध्यक्ष कमल ध्रुव व अन्य शाला समिति के सदस्यों ने हर्ष जताया है।



# प्रयागराज से आए कलाकार कर रहे रामलीला का मंचन

**संजय नगर हनुमान चौक नयापारा रोज शाम लगती है भक्तों की भीड़**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय संजय नगर हनुमान चौक नयापारा में इन दिनों धर्म प्रचारक रामायण रामलीला मंडल प्रयागराज (उप्र) से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। भगवान श्रीराम की लीला देखने में वार्डवासियों सहित शहर के लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

प्रयागराज से आए पं. मिलेश मिश्रा ने बताया कि रामलीला, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'श्री राम का नाटक' तत्कालीन रामायण महाकाव्य का एक मंचन है। जिसमें गीत, वर्णन, गायन और संवाद जैसे दृश्यों की एक श्रृंखला शामिल होती है। मिश्रा ने आगे बताया इस तरह के मंचन से आने वाली पीढ़ियों को अपने धर्म से जोड़ा एवं अपने ग्रंथों से शिक्षा लेने की सीख मिलती है। उन्होंने बताया कि धर्म का प्रतीक रामायण, कथा धार्मिक और नैतिक उपदेशों को मंच के माध्यम से श्रद्धालुओं तक पहुंचाता है और बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है। यह भारतीय समाज की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है और आने वाली युवा पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जोड़ता है। रामलीला के माध्यम से सुशासन, नैतिक आचरण और एक स्थायी व्यवस्था बनाए रखने के महत्वपूर्ण संदेश भी दिया जा रहा है।

## धार्मिक आयोजन हमें एकजुट होने का देता है अवसरः निखिलकांत

**महासमुंद**। शहर सहित अंचल में गणेशोत्सव की धूम है। जगह जगह विघ्नहर्ता को आकर्षक पंडाल सजाकर विराजित की गई है। श्रद्धालुओं में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल है। अनेक स्थानों पर भक्तिमय कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

गुरुवार को शहर सहित ग्रामीण अंचल के गणेशोत्सव समितियों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने पंडालों में विराजित भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साहू ने सिरपुर क्षेत्र के ग्राम छपोराडीह तथा कनेकेरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वहां के आयोजन समितियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेशोत्सव को लेकर जो उत्साह दिखाई दे रहा है वह आप सब की एकजुटता का प्रतिफल है। धार्मिक आयोजन हमें एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है। गणेश विघ्नों को हरने वाले देवता हैं। उनकी कृपा से सारे कष्ट सहज ही टल जाते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी के बीच आकर भगवान का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला। इसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगा।




# छग योग आयोग अध्यक्ष का बागबाहरा में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का बागबाहरा आगमन पर भाजपा के बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डॉली ध्रुव के नेतृत्व में स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण योग को दुनियाभर में एक नई पहचान मिली है, और अब 65 देशों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर ध्रुव द्वारा किया गया। मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने बताया कि कार्यक्रम में मंडल के कई कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। जिनमें जिला प्रतिनिधि प्रेम साहू, नरेश चंद्राकर, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दुबेलाल साहू, शंकर तांडी, संजय मालवे, बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू, हरमीत बग्गा, अतुल गंडेचा, नारायण तांडी, नितेश पांडे, अशोक दीप, सागर चंद्राकर, सविता दीवान, उदय चंदेल, विवेकानंदन ठाकुर, अजीत तांडी, धनराज साहू, राजेश बगानी, दीपक यादव, मदनलाल देवांगन, मोती पुजारा, महेश वैष्णव, मोहन दुबे एवं अन्य ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### डॉ. ज्योतिकिरण को मिला राज्यपाल सम्मान, आस्था ने जताई खुशी

**महासमुंद**। कौशल, ज्ञान व बौद्धिक विकास में शैक्षिक नवाचार युक्त शिक्षण के लिए शासकीय आशीबाई गोलछा उमावि की विज्ञान व्याख्याता डॉ. ज्योतिकिरण चंद्राकर को राज्यपाल सम्मान प्राप्त होने पर साहित्य समिति आस्था के सदस्यों ने प्रसन्नता जताई। समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक, एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, केआर चंद्राकर, सुरेंद्र अग्निहोत्री, सुजाता विश्वनाथन, एसआर बंजारे, कमलेश पांडेय व टेकराम सेन आदि साहित्यकारों ने उनके सुखद भविष्य की मंगल कामनाएं की है। यह जानकारी टेकराम सेन दी है।




